Export of Agricultural and Horticultural Products

1923. SHRI V. NARAYANASAMY; Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government propose to export foodgrains and horticulture products in the near future; and

(b) if so, whether Government have identified the items and the countries to which these horticulture and agriculture products are to be exported?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI SALMAN KHURSHEED): (a) Government itself does nit propose to export foodgrains and horticulture products.

(b) Rice is the main item of foodgrains exported from the country. The major markets are the countries of West Asia, EEC and Malaysia. Onions and mangoes are the major items of horticultural exports. The markets are Sri Lanka, the South East Aisan Countries, West Asia and UK.

देश में निर्यात आधारित एकक

1924. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में निर्यात आधारित एककों की प्राथमिकता के आधार पर स्थापना करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र में अब तक कितने निर्यात आधारित एककों की स्थापना की गई है ; और

(ग) वर्ष 1992-93 के दौरान महाराष्ट्र में निर्यात आधारित कितने एककों की स्थापना करने का विचार है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद) : (क) ऐसे एककों की स्थापना मौजूदा निर्यात अभिमुख एकक योजना के तहत की जा सकती है ।

(ख) महाराष्ट्र में अब तक 34 निर्यात अभिमुख एककों की स्थापना हो गई है ।

(ग) सही-सही आंकड़े नहीं दिए जा सकते हैं क्योंकि यह बात महाराष्ट्र से प्राप्त होने वाले उपयुक्त परियोजना प्रस्तावों पर निर्भर करेगी ।

सोवियत गणराज्य के साथ भारत का व्यापार

1925. **डा. येलामनचिली शिवाजी :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 अप्रैल, 1992 से अब तक रूसी गणराज्यों को वस्तुवार कुल कितना निर्यात किया गया तथा उनसे कुल कितना आयात किया गया ;

(ख) उनका मूल्य कितना है ;

(ग) पिछले वर्ष के संगत आंकड़े क्या थे ;

(घ) व्यापार में कमी के क्या कारण हैं ; और

(ङ) इस कमी को पूरा करने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ।

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद) : (क) और (ख) रूसी गणराज्य के साथ व्यापार कारोबार के 1.4.92 से डी जी सी आई एस आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं :

(ग) चूंकि पिछले वर्ष रूसी गणराज्य का एक प्रथक सत्ता के रूप में अस्तित्व नहीं था, इसलिए डी जी सी आई एण्ड एस द्वारा तत्संबंधी आंकड़े नहीं रखे जाते थे ।

(घ) से (ङ) प्रश्न नहीं उठते ।